## महत्वपूर्ण एवं खास

### 24 घंटे बाद मिली युवक की लाश

**महासमुंद (आरएनएस)।** सिरपुर क्षेत्र स्थित धसकुड़ झरने में डूबे युवक की लाश पुलिस को 24 घंटे बाद मिली। तुमगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि सिंघनपुर निवासी फागूलाल मुखर्जी (24) 26 अगस्त को धसकुड़ झरना घूमने के लिए आया था नहाते समय उसके बाएं हाथ की हड्डी टूट गई जिससे वह झरने से बाहर नहीं निकल पाया जिससे वह डूब गया और उनकी मौत हो गई। पुलिस टीम उनकी तलाश में जुटी रही। शनिवार रात पुलिस को उनकी लाश मिली।

### मां पर पुत्र ने किया रॉड से हमला, जान की धमकी

**महासमुंद (आरएनएस)।** पिता की पैतृक सम्पत्ति को छोटे को खिलाने की बात को लेकर बड़े बेटे ने अपनी मां पर रॉड से हमला कर दिया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। तुमगांव पुलिस को परिजन परसाडीह निवासी जगमोहन देवदास ने बताया कि 26 अगस्त को रोहित ध्रुव ने को पिता की पैतृक सम्पत्ति को छोटे भाई अनिल को खिला रही हो कहते हुए मां रजनी ध्रुव से गाली-गलौज करते हुए रॉड से हमला कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में धारा 294, 323, 506, बी के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### चाकू से प्राणघातक हमला

**रायपुर (आरएनएस)।** रोटरी नगर टाटीबंध में मामूली बात पर एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार रोटरी नगर टाटीबंध निवासी प्रार्थी मोहम्मद शेख सीजेन 18 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि वह अपने किराना दुकान में बैठा था, तभी आरोपी मोहम्मद फैजल प्रार्थी के दुकान के पास गाली-गलौज कर रहा था। जिससे प्रार्थी के बड़े भाई शेख हसीब 22 वर्ष ने गाली-गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने शेख हसीब से विवाद कर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 307 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मामा ससुर को दी धमकी और कर दी तोड़फोड़

**रायपुर (आरएनएस)।** वालफोर्ट सिटी भाठागांव में पुरानी रंजिश के चलते भांजी दामाद ने अपने मामा ससुर से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर घर के दरवाजा का शीशा तोड़ दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार वालफोर्ट सिटी भाठागांव स्थित बी 22 निवासी प्रार्थी सुनील जोहरी 60 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि उसका भांजी दामाद आरोपी सिद्धेश शर्मा ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर घर के दरवाजे का शीशा तोड़ दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 427 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### रेलवे ट्रैक में मिला अज्ञात युवक का शव

**रायपुर (आरएनएस)।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र के रेलवे ट्रैक में अज्ञात युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर चीरघर भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष के आसपास है। पुलिस ने बताया की शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जिससे आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस जिले के सभी थानों में गुम इंसान रिकार्ड खंगाल रही है।

# राज्य के युवा अब कह रहे - खेलबो, जीतबो, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए की है विशेष पहल
- खिलाड़ियों को पर्याप्त सुविधा मुहैया कराने छत्तीसगढ़ सरकार उठा रही ठोस कदम
- खेल अकादमियों का हो रहा निर्माण, बन रहा खेल के लिए माहौल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में साढ़े तीन साल पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में गठित सरकार ने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का नारा दिया था और इसे राज्य का ध्येय वाक्य भी बनाया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में मोडऩे और खेलों को प्रोत्साहित के लिए खेलबो, जीतबो, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का नारा भी दिया गया। इसी नारे के अनुरूप छत्तीसगढ़ में खेलों के लिए माहौल भी बनाने की कवायद भी तेज हो गई और निरंतर खेल व खिलाडिय़ों के लिए पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस कड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार ने सबसे पहले छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया गया। वहीं राजधानी रायपुर से लेकर बिलासपुर और बस्तर के नारायणपुर तक में खेल अकादमी को लेकर काम शुरू हो गए।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार में आते ही यह जाहिर कर दिया था कि वे छत्तीसगढ़ में हर वर्ग के लिए और हर क्षेत्र में काम करेंगे। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को पूरा करने की दिशा में काम करते हुए उन्होंने सबसे पहला निर्णय किसानों के हित में लिया। वहीं गोधन न्याय योजना और ग्रामीण आजीविका पार्क जैसे निर्णयों ने ग्रामीणों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम किया। मजदूरों के लिए मनरेगा के तहत सर्वाधिक दिवस रोजगार व राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना लागू की गई। माताओं, बच्चों से लेकर बुजुर्गों के लिए भी समय-समय पर विभिन्न योजनाएं लायी गईं। इन सबके बीच युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में केन्द्रीत करने के लिए भी छत्तीसगढ़ सरकार ने कवायद की।

**राजीव युवा मितान क्लब का गठन-** छत्तीसगढ़ राज्य की युवा शक्ति को मुख्य धारा से जोडक़र, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से राजीव युवा मितान क्लब योजना प्रारंभ की गई। इसमें प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों के वार्डों में कुल 13269 राजीव युवा मितान क्लब गठित किए जाने का लक्ष्य है। अब तक कुल 9917 युवा मितान क्लबों का गठन हो चुका है। प्रति क्लब 25 हजार रुपये प्रति तिमाही दिए जाने का प्रावधान है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 33.325 करोड़ रुपये जिलों को जारी कर दिए गए हैं। राजीव युवा मितान क्लब से जुडक़र युवा खेल, सांस्कृतिक, सामाजिक गतिविधियों एवं जन-जागरूकता बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

**छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण-** प्रदेश के सभी खेल अकादमियों के संचालन, खेल अधोसंरचनाओं का विकास एवं समुचित उपयोग तथा खेलों के समग्र विकास हेतु छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है। खेलों को बढ़ावा देने समेत संबंधित अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए प्राधिकरण के गवर्निंग बॉडी और एक्जिक्यूटिव बॉडी की बैठकें भी हो चुकी हैं। इसके साथ ही खेल प्रशिक्षकों के 08 पदों पर संविदा भर्ती की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। वर्तमान में 15 खेल संघ विभाग से मान्यता प्राप्त हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 1.43 करोड़ रुपये अनुदान राशि भी जारी किया गया है। वहीं व्यायाम शाला निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 में 40.17 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

**आवासीय खेल अकादमी का संचालन -** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पश्चात् पहली बार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आवासीय खेल अकादमी का संचालन प्रारंभ किया गया है। स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर में हॉकी, तीरंदाजी एवं एथलेटिक की आवासीय अकादमी की स्थापना की गई है, जिसे भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इंडिया स्टेट सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की मान्यता दी गई है। एक्सीलेंस सेन्टर के लिए मैनपॉवर के हाई परफॉर्मेंस मैनेजर, हेड कोच हॉकी, स्ट्रैंथ एण्ड कंडिशनिंग एक्सपर्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, यंग प्रोफेशनल एवं मसाजर (महिला) की नियुक्ति की जा चुकी है तथा शेष की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। गौरतलब है कि 1 जून 2022 से हॉकी की आवासीय अकादमी संचालित है, जिसमें 36 बालक एवं 24 बालिकाएं इस तरह कुल 60 खिलाड़ी प्रशिक्षणरत् हैं। तीरंदाजी तथा एथलेटिक खेल की अकादमी के लिए खिलाडिय़ों के चयन ट्रायल लिए जा चुके हैं। आवासीय बालिका कबड्डी अकादमी में प्रवेश हेतु खिलाडिय़ों के चयन ट्रायल लिए जा चुके हैं। इसके साथ ही रायपुर में एनएमडीसी लिमिटेड के सहयोग से आवासीय तीरंदाजी अकादमी की स्थापना की जा रही है।

# त्यौहारी सीजन में गन्ना उत्पादक किसानों को बड़ी राहत,10.43 करोड़ किसानों को जारी

**कवर्धा (आरएनएस)।** गन्ने की रिकवरी दर में राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान बनाने वाली कबीरधाम जिले के पंडरिया में संचालित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना ने त्यौहारी सीजन में अपने शेयर धारक गन्ना उत्पाद किसानों को बड़ी राहत दी है। सहकारी शक्कर कारखाना प्रबंधन ने आज अपने शेयर धारक किसानो को बकाया राशि में 10 करोड़ 4 लाख रुपए का भुगतान जारी कर दी है।

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया प्रबंध संचालक सतीश पटले ने बताया कि सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा शेयर धारी किसानों से दिनाँक 17 नवंबर 2021 से 12 अप्रैल 2022 तक 7200 किसानों से 2.95 लाख मीट्रिक टन गन्ने की खरीदी की गई थी। खरीदी की गई गन्ने का कुल मूल्य एफआरपी पर 81 करोड़ का हुआ था, जिसका भुगतान किसानों को किया जाना था। उक्त ज़ारी करने योग्य भुगतान में से 10.4करोड़ आज ज़ारी किया गया। इस प्रकार 66करोड़ राशि जो की 4 मार्च 2022 तक का होता हैं आज तक ज़ारी कर दिया गया हैं। शेष राशि जो कुल का 19त्न(15करोड़) हैं जल्द ही भुगतान कर ली जाएगी। इस प्रकार अब तक 81त्न राशि का भुगतान ज़ारी हो गया है। पूर्व वर्षों में भी भुगतान पूर्ण करने में सितंबर, अक्टूबर तक का समय लग जाता था।



उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में राज्य शासन द्वारा सचांलित छत्तीसगढ़ के दो सहकारी शक्कर कारखाना लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मार्यादित पंडरिया और भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना राम्हेपुर कवर्धा ने देश के सभी सहकारी शक्कर कारखाना को पीछे छोड़ते हुए रिकवरी दर के मामले में राष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान रचा है। यह दोनो सहकारी शक्कर कारखाना छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में स्थापित है।

# लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर में गांधी को देख भावुक हुए स्पीकर

- 65वें राष्ट्रकुल संसदीय सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे हैं विस अध्यक्ष व सांसद

**कोरबा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत कनाडा में आयोजित हुए 65वें राष्ट्रकुल संसदीय सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में भाग लेने के बाद डॉ. महंत व धर्मपत्नी कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत लंदन पहुंचे। लंदन में पार्लियामेंट स्क्वायर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा को देख वे भावुक हो उठे। डॉ. चरणदास एवं ज्योत्सना महंत ने राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। डॉ. महंत ने कहा कि महात्मा गांधी भारत ही नहीं बल्कि पश्चिमी देशों में आज भी उतने ही पूजनीय और आदरणीय है जितना पहले हुआ करते थे। उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक रखा गया है और उनके कृतित्व से पश्चिमी सभ्यता के लोग भी प्रभावित हैं। डॉ. महंत ने कहा कि महात्मा गांधी और उनके विचारों से यहां हर आयु वर्ग के लोग प्रभावित हैं। स्पीकर के साथ छग विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा भी शामिल है ।

# पति की दीर्घायु के लिए आज निर्जला व्रत रखेंगी सुहागिने

- 31 को गणेश चतुर्थी

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादो शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के अवसर पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला हरितालिका व्रत 30 अगस्त को रखेगी। आज महिलाएं समूह में कडूभात का सेवन कर श्रृंगार स्वरूप हाथों में एवं पैरों में रंगीन मेहंदी लगवाएंगी। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा 30 अगस्त को शहर के ब्यूटीपार्लरों में साज श्रृंगार के लिए विशेष छूट के साथ बुकिंग की गई है। पौराणिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भोलेनाथ को वर स्वरूप पाने के लिए कठोर तप कर आज ही दिन व्रत की शुरूआत की थी। भोलेनाथ के श्रृंगार के साथ मां गौरी का पूजन भी सुहागिनों द्वारा पूजा कक्ष में आकर्षक फूलेरा बांध किया जाएगा। महिलाएं निर्जला व्रत कर अपने पति की आयु में वृद्धि के साथ भगवान भोलेनाथ से परिवार के सुख समृद्धि का भी आशीर्वाद लेंगे। भोलेनाथ और माता पार्वती के पूजन के ठीक अगले दिन 31 अगस्त को सृष्टि में प्रथम पूजनीय उनके सुपुत्र भगवान गणेश की चतुर्थी धूमधाम से मनाई जाएगी।



# दिनभर उमस के बाद रात में हुई झमाझम बारिश, कई इलाकों में भरा पानी

- मौसम विभाग ने जताई आशंका आज भी हो सकती है बारिश

**रायपुर (आरएनएस)।** दिनभर उमस के बाद रविवार रात 10 बजे के बाद जमकर बारिश हुई। लगभग एक घंटे की बारिश ने शहर को तर-बतर कर दिया। पिछले तीन-चार दिनों से उमस और गर्मी से भी लोगों को राहत मिली है।

बारिश की धार इतनी तेज थी कि शहर के गुढिय़ारी, आमानाका, रामनगर सहित अन्य अंडरब्रिज में भी पानी भर गया। यहां से देर रात आवागमन बंद हो चुका था। इसके साथ ही शहर के अन्य इलाकों में भी तेज बारिश का असर देखा गया। प्रोफेसर कालोनी सहित अन्य इलाकों में पानी भरने की वजह से लोगों को दिक्कत हुई।



बारिश का असर लगभग एक घंटे तक रहा। इधर मौसम विज्ञानियों ने आने वाले एक-दो दिनों के भीतर मौसम में फेरबदल के संकेत दिए हैं। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर हिमालय की तराई में बना हुआ है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पूर्वी झारखण्ड और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है।

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणीका पूर्वी विदर्भ से दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई विस्तारित है। इसका असर छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में एक-दो दिन के भीतर देखने का मिल सकता है। प्रदेश में 29 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ छींटे पडऩे की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर चमक के साथ वज्रपात भी होने की संभावना है।

# अज्ञात बदमाशों ने बीती रात गणेश प्रतिमाओं को तोड़ा

**रायपुर (आरएनएस)।** आजाद चौक थाना क्षेत्र के आमापारा स्थित सडक़ किनारे गणेश प्रतिमाओं का दुकान लगाया गया है। जहां बीती रात अज्ञात बदमाशों ने गणेश की प्रतिमाओं को तोड़ दिया। जिससे कुम्हारों ने मामले की शिकायत आजाद चौक थाने में की।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मूर्तिकार नारायण प्रजापति पेशे से कुम्हार है और मूर्ति बनाते है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने अन्य साथी महंत प्रजापति, गोपाल प्रजापति व दिपक साहू के साथ मिलकर सभी आमापारा के पास गणेश प्रतिमा बेचने के लिए दुकान लगाए थे। तभी बीती रात अज्ञात बदमाशों गणेश प्रतिमाओं में तोडफ़ोड़ किया। जिससे इन कुम्हारों का करीब डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है। सुबह जब देखें तब घटना की जानकारी मिली। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पतासाजी कर रही है।



### सरेआम शराब पीते 6 गिरफ्तार

राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर सरेआम शराब पिलाते 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने पुजारी चेम्बर के पीछे पचपेड़ीनाका के पास शराब पीते हुए आरोपी चंद्रकांत सोनी 26 वर्ष व विशाल यादव 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी योगेश साहू 22 वर्ष व विपूल करमेले 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आरोपी सदर को आम जगह पर शराब पीते गिर0 किया गया। वहीं आरंग पुलिस ने ग्राम कुसमुंदा चौक के पास आरोपी नीलकंठ साहू 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम रीको में शराब पीते आरोपी बसंत रात्रे 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण सड़कों का हो रहा है निर्माण - ताम्रध्वज साहू

- मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार सभी संभागों में पुलों के निर्माण कार्यों की मिली स्वीकृति
- 7 जिलों में 39 पुलों के निर्माण के लिए 927.27 करोड़ रुपए की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य मे पुल पुलियों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और तेजी लाने की बात कही है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने कई जिलों में नए निर्माण कार्यों की घोषणाएं भी की हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार पुल निर्माण के लिए जगदलपुर, अम्बिकापुर, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में 10 कार्यों की स्वीकृति दे दी गई है। इसके साथ ही दस कार्यों का प्राक्कलन भी भेज दिया गया है।



लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मंत्री ताम्रध्वज साहू को जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ में 10 करोड़ रूपए से अधिक लागत के कुल 39 पुलों के कार्य हेतु जगदलपुर, अम्बिकापुर, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर एवं कांकेर में 927.27 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसमें से 602 करोड़ रूपए खर्च किए जा चुके हैं। विभागीय अधिकारियों ने ये जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री सुगम सडक़ योजना अंतर्गत 495 करोड़ की लागत के कुल 4132 कार्य स्वीकृत हैं, जिसमें से 2245 कार्य पूर्ण, 870 कार्य प्रगतिरत हैं एवं 973 कार्य निविदा स्तर पर है। इसके साथ ही ए.डी.बी. प्रोजेक्ट के अंतर्गत कुल 24 कार्य प्रगतिरत है।

लोक निर्माण विभाग के अनुसार आर.पी.सी.एल. डब्ल्यू.ई. योजनांतर्गत 3535 करोड़ की लागत के कुल 310 स्वीकृत कार्य में से अब तक 161 मार्ग पूर्ण, 07 पुल निर्माण पूर्ण, 139 कार्य प्रगति पर एवं 03 कार्यों की पुनर्निविदा की गई है।समीक्षा बैठक में ये जानकारी दी गई है कि आयोजनोत्तर मद में 452 करोड़ की लागत के कुल 1050 स्वीकृत कार्य में से अब तक 827 कार्य पूर्ण, 176 कार्य प्रगति पर एवं 47 कार्य निविदा स्तर पर हैं।

लोक निर्माण विभाग के अनुसार जर्जर सडक़ों, भवनों, पुल-पुलियों के मरम्मत एवं संधारण के कार्य जारी है तथा समय-समय पर संबंधित अधिकारियों द्वारा इनका निरीक्षण भी किया जा रहा है। ई-श्रेणी पंजीयन अंतर्गत लगभग 06 हजार युवाओं का पंजीयन हुआ है, जिन्हें लगभग 300 करोड़ के कार्य स्वीकृत किये गये हैं और अनुबंध के प्रावधान अनुसार लगभग 3500 इंजीनियरों को नियोजित किया गया है।